मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 97 | गुरुवार, 27 जून 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now | /ulhasvikas | संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# ग्रेजुएट चुनाव के परिणाम 1 जुलाई को

## कोंकण विभागीय ग्रेजुएट चुनाव संपन्न

## जिले में शाम 5 बजे तक 54.28% हुआ मतदान

**58%** उल्हासनगर में मतदान

**72%** अंबरनाथ में हुआ मतदान





**मुख्य मुकाबला निरंजन डावखरे व रमेश कीर में**

- **चुनाव में बैलेट पेपर के साथ सेल्फी विवादों में**
- **नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की मांग**

**उल्हासनगर।** आज बुधवार 26 जून को कोकण विभागीय ग्रेजुएट चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न तरीके से हुआ। इस चुनाव में ठाणे जिले में कुल 98 हजार 860 ग्रेजुएट मतदाता हैं और कुल 13 उम्मीदवार मैदान में है।

इस चुनाव में महायुति से निरंजन डावखरे और महाविकास आघाड़ी से रमेश कीर के बीच मुकाबला है। शेष 11 निर्दलीय उम्मीदवार भी टक्कर दे रहे हैं। उल्हासनगर शहर में 4970 मतदाता हैं, जिसमें से 2849 मतदाताओं ने मतदान किया। यहां करीब 58 प्रतिशत मतदान हुआ। तो अंबरनाथ में 3400 ग्रेजुएट मतदाता हैं जिनमें से 2204 मतदाताओं ने मतदान किया। यानी अंबरनाथ में 72 प्रतिशत मतदान हुआ। ठाणे जिले में शाम 5 बजे तक 54.28 प्रतिशत ही ग्रेजुएट मतदाताओं ने मतदान किया। इस चुनाव के परिणाम 1 जुलाई को आएंगे। उल्हासनगर-3 स्थित न्यू ईरा हाईस्कूल में कुल 7 मतदान केंद्र बनाए गए थे। स्कूल प्रांगण में विभिन्न पक्ष के नेता व कार्यकर्ता डेरा डाले हुए थे। बारिश के बावजूद ग्रेजुएट मतदाताओं ने मतदान किया।

### महात्मा गांधी विद्यालय में 4 मतदान केंद्र

अंबरनाथ के महात्मा गांधी विद्यालय में भी चार मतदान केंद्र बनाए गए थे जहां ग्रेजुएट मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया लेकिन यहां पर अंबरनाथ भाजपा महिला आघाड़ी अध्यक्षा सेल्फी विवादों में आ गई। भाजपा की महिला अध्यक्षा सुजाता भोईर ने बैलेट पेपर के साथ सेल्फी ली और उसे फेसबुक और व्हाट्सएप स्टेटस पर पोस्ट किया। यह सेल्फी शहर में वायरल हो गई है और इस मामले में सुजाता भोईर पर कार्रवाई करने की मांग अंबरनाथ कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णा पाटिल ने की। इसी तरह यह चुनाव भी संपन्न हो गया और अब नेताओं को विधानसभा चुनाव का बेसब्री से इंतजार है।

# अंबरनाथ भाजपा महिला अध्यक्षा ने बैलेट पेपर पर वोट देकर फोटो किया वायरल

- **कांग्रेस, महाविकास आघाड़ी ने की कार्रवाई की मांग**

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा सुजाता भोईर ने कोंकण स्नातक चुनाव में मतदान करके बैलेट पेपर के साथ मोबाइल से सेल्फी लेकर उसको फेसबुक और व्हाट्सएप स्टेटस पर पोस्ट किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है.

सेल्फी के वायरल हो जाने के बाद सुजाता भोईर पर कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है. और ये कहा जा रहा है कि ग्रेजुएट के चुनाव में एक ग्रेजुएट ने एक नामसझी का कार्य किया है.

ये घटना अंबरनाथ स्थित महात्मा गांधी विद्यालय मतदान केंद्र की है. चुनाव के दौरान मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की पाबंदी है और ये नियम कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में भी लागू है. लेकिन सुजाता भोईर का मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल ले जाना व मतदान बूथ पर बैलेट पेपर पर भाजपा महायुति के उम्मीदवार निरंजन डावखरे को अपना वोट देकर पर्ची पर 1 का अंक लिखकर उस पर्ची के साथ मतदान केंद्र में ही सेल्फी निकालना और उसको वायरल करना शहर में चर्चा का विषय बन गया है.



कांग्रेस शहराध्यक्ष कृष्णा पाटिल ने कहा है कि उन्होंने और महाविकास आघाड़ी के नेताओं ने मांग की है कि सुजाता भोईर के साथ-साथ मतदान केंद्र के संबंधित अधिकारी पर भी कार्रवाई की जाए. वहीं सुजाता भोईर ने अपनी गलती को स्वीकार किया है.

विदित हो कि उसी समय पत्रकारों से उपस्थित अधिकारी ने बूथ के अंदर मोबाइल ले जाने के लिए मना किया और कहा कि बूथ के बाहर का फोटो आप ले सकते हैं. फिर सुजाता भोईर को कौन से नियम के अनुसार मोबाइल बूथ के अंदर ले जाने की अनुमति देकर सेल्फी निकालने की अनुमति दी गई. इसकी जांच भी जरूरी है.

# भाजपा ने शिवसेना को विश्वास में नहीं लिया

## अंबरनाथ के शिवसेना नेता हुए नाराज

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** कोंकण स्नातक चुनाव मामले में भाजपा ने शिवसेना के नेताओं को विश्वास में नहीं लिया, जिसके कारण शिवसेना में नाराजी देखी गई और उनके कुछ नेताओं ने प्रचार में भाग ना लेते हुए मतदान के दिन अंबरनाथ में लगाए गए महायुति के मंडप में शिवसेना का कोई नेता नहीं देखा गया.

इस संबंध में शिवसेना के सुभाष सालुंखे ने बताया कि उनके पक्ष के मतदाताओं ने निरंजन डावखरे को वोट दिया है, लेकिन चुनाव प्रचार प्रक्रिया के समय पक्ष को पूछा तक नहीं गया. प्रचार के साहित्य तक नहीं दिए गए. उन्होंने निःस्वार्थ डावखरे को वोट दिया है. डावखरे महायुति के भाजपा के उम्मीदवार हैं. लेकिन भाजपा नेताओं द्वारा उनके पक्ष के लोगों को विश्वास में ना लेना ये अफसोस की बात है.



बूथ के बाहर लगाए गए मंडप में भाजपा के संजय आदक, अशोक गुंजाल आदि देखे गए, तो दूसरी ओर बूथ के बाहर म हा वि का स आघाड़ी के मंडप में कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णा पाटिल, रोहित प्रजापति, रांकापा शरद पवार के शहराध्यक्ष सदाशिव पाटिल, आम आदमी पार्टी, शिवसेना उबाठा के शहराध्यक्ष एड. संदीप पगारे, अजित काले, राजेंद्र मिश्रा, अरबाज कुरैशी आदि मौजूद थे.

# नशीले पदार्थों की चपेट में ठाणे जिले के युवा

- **ठाणे पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में करीब 60 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त**



**पिछले डेढ़ साल में 4000 से ज्यादा मामले दर्ज**

**ठाणे.** डेढ़ साल में ठाणे पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में करीब 60 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई है. गांजा, चरस और एमडी सबसे ज्यादा जब्त की जाने वाली ड्रग्स हैं। इन मामलों में शराब पीने और बेचने वाले करीब चार हजार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तारियां की गई हैं. इनमें सबसे अधिक मांग गांजा की है. गांजा एक ऐसा पदार्थ है जो अन्य नशीले पदार्थों की तुलना में आसानी से उपलब्ध होता है।

पुणे में कुछ युवा नशे के आदी हैं और उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी हैं। वहीं अब यह बात सामने उजागर हुई है कि ठाणे जिले के युवा भी नशे के आदी हैं. ठाणे आयुक्तालय क्षेत्र में ठाणे से बदलापुर और भिवंडी क्षेत्र शामिल हैं। ठाणे पुलिस की अपराध जांच शाखा और स्थानीय पुलिस ने ड्रग डीलरों और उपयोगकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की है। इसमें 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2023 तक की अवधि में 4 करोड़ 45 लाख 97 हजार 319 रुपये का ड्रग स्टॉक जब्त किया गया. ड्रग्स का सेवन करने वाले 1 हजार 252 लोगों को हिरासत में लिया गया है. नशीली दवाओं का सेवन करने पर 1 हजार 77 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस साल 1 जनवरी से 23 जून के बीच 55 करोड़ 76 लाख 10 हजार रुपये का दवा स्टॉक जब्त किया गया है. जबकि 2 हजार 724 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और उनमें से 2 हजार 612 लोगों को शराब पीने के मामले में हिरासत में लिया गया है. जबकि बाकी आरोपियों को बेचते और बनाते वक्त गिरफ्तार किया गया है. बेचने और उपभोग करने वाले आरोपियों में युवाओं की संख्या अधिक है।

पुलिस की कार्रवाई में जब्त किए गए नशीले पदार्थों में ज्यादातर गांजा, चरस और एमडी हैं. पुलिस ने इस साल 220 किलो 150 ग्राम गांजा जब्त किया है. पिछले साल 782 किलो 811 ग्राम गांजा जब्त किया गया था. अन्य नशीले पदार्थों की तुलना में गांजा एक सस्ता नशा है। साथ ही यह आसानी से उपलब्ध भी है. सूत्रों ने बताया कि चूंकि इसे आसानी से खरीदा जा सकता है, इसलिए इस नशीले पदार्थ को ज्यादातर युवा नशेड़ी खरीदते हैं।

### मोक्का के तहत कार्रवाई

पिछले साल ठाणे पुलिस ने ड्रग्स बेचने वाले 8 लोगों को गिरफ्तार किया था. पुलिस ने इनके पास से 314 ग्राम एमडी और 4 किलो 850 ग्राम हशीश जब्त किया है. इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने सभी आठ आरोपियों से पूछताछ की. पता चला कि वह पहले भी कई बार मादक पदार्थों की तस्करी कर चुके हैं। चूंकि यह एक संगठित अपराध है, इसलिए पुलिस ने सभी आठ लोगों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (**MOCCA**) के तहत कार्रवाई की है।

**1 जनवरी से 23 जून तक की कार्रवाई**

| ड्रग्स | वजन | आरोपी | कीमत |
|---|---|---|---|
| 1) गांजा | 220 किलो 150 ग्राम | 52 | 5 लाख |
| 2) चरस | 10 किलो 400 ग्राम | 6 | 1 लाख 10 हजार |
| 3) एमडी | 7 किलो 224 ग्राम | 44 | 7 करोड़ 86 लाख 20 हजार |

# उल्हासनगर राकांपा युवा अध्यक्ष बने रोहित गमलाडू



- **प्रदेश युवा अध्यक्ष सूरज चव्हाण ने दिया नियुक्ति पत्र**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर राष्ट्रवादी कांग्रेस पक्ष द्वारा सोमवार 24 जून को युवा संवाद मेलावा का आयोजन गोल मैदान स्थित सोमय्या हाल में किया गया जहां सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने शिरकत की। जिलाध्यक्ष भरत गंगोत्री व प्रदेश महासचिव सोनिया धामी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राकांपा प्रदेश युवा अध्यक्ष सूरज चव्हाण आए हुए थे। श्री चव्हाण ने आए हुए युवाओं का मार्गदर्शन किया और युवा नेता रोहित गमलाडू को उल्हासनगर राकांपा का युवा अध्यक्ष नियुक्त किया। चव्हाण ने गमलाडू को कहा कि आगामी मनपा चुनाव में आप नगरसेवक बनकर सदन में जाएं और युवाओं का नेतृत्व करें। वहीं गमलाडू ने कहा कि जिलाध्यक्ष भरत गंगोत्री के नेतृत्व में हम शहर के युवाओं को राकांपा में जोड़ने का कार्य करेंगे और आगामी विधानसभा और महानगरपालिका चुनाव में अपनी पूरी ताकत लगाएंगे।

# गेलानी की मौत के जिम्मेदार बिजली व मनपा प्रशासन पर दर्ज हो FIR

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-5 स्थित गाऊन बाजार सेक्शन 39 में राकेश गेलानी नामक व्यक्ति की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई थी। जहां उसकी मौत हुई वहां पर नाला निर्माण का कार्य चल रहा था। यह मौत आकस्मिक मौत नहीं है यह बिजली विभाग और ठेकेदार व उल्हासनगर मनपा की लापरवाही का नतीजा है ऐसे में जिम्मेदार दोनों विभागों को खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग पत्रकार महेश मूलचंदानी ने हिललाईन पुलिस थाने में पत्र देकर की है। श्री मूलचंदानी ने कहा कि जिम्मेदार विभाग पर एफआईआर हो और साथ ही मृतक के परिजनों को मुआवजा भी मिले क्योंकि उसके घर में एक वो ही व्यक्ति था जो कमाता था।

# गोवा निर्मित नकली शराब जब्त



- **69 लाख रुपये की शराब समेत ट्रक जब्त**
- **ट्रक चालक समेत 2 गिरफ्तार**

**ठाणे.** राज्य उत्पाद शुल्क विभाग के कोंकण संभागीय फ्लाइंग स्क्वॉड ने सोमवार रात को 69 लाख रुपये की गोवा निर्मित नकली विदेशी शराब जब्त की। डिप्टी कमिश्नर प्रदीप पवार ने मंगलवार को बताया कि इस ऑपरेशन में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

आबकारी विभाग के कोंकण संभागीय फ्लाइंग स्क्वॉड के इंस्पेक्टर दिगंबर शेवाले को ठाणे के पनवेल-मुंब्रा रोड पर पिंपरीगांव इलाके में अवैध नकली विदेशी शराब ले जाए जाने की जानकारी मिली। इसी जानकारी के आधार पर राज्य उत्पाद शुल्क विभाग के आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी, निदेशक प्रसाद सुर्वे और उपायुक्त डॉ. प्रदीप पवार के मार्गदर्शन में 24 जून को दोपहर करीब 12 बजे पनवेल मुंब्रा रोड पर संगीता इलेक्ट्रिक एंड हार्डवेयर स्टोर दुकान के सामने जाल बिछाया गया. उस समय इंस्पेक्टर दिगंबर शेवाले के साथ दूसरे इंस्पेक्टर आर. पी. दांगट, एस. जे. जरांडे की एक टीम ने केतन वाजे, हनुमंत गाडवे, संपत वनवे, नारायण जानकर और सागर चौधरी के साथ सरकारी और निजी वाहनों में पनवेल-मुंब्रा रोड पर एक 10 पहिया ट्रक से महाराष्ट्र राज्य में बिक्री के लिए प्रतिबंधित नकली विदेशी शराब की 960 पेटी जब्त की। .

इस ट्रक के चालक मोहम्मद शाहिद हुसैन (24 वर्ष, निवासी कोटला, जिला मेवात, हरियाणा राज्य) और नासिर सोकत हुसैन (26 वर्ष, निवासी हरियाणा राज्य) को गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में ट्रक से 69 लाख कीमत की 960 पेटी नकली विदेशी शराब, दो मोबाइल फोन और 85 लाख 42 हजार कीमत का ट्रांसपोर्ट ट्रक जब्त किया गया है. शाहिद और नसीर ये माल कहां ले गए? वह इसे किसे देने जा रहा था? क्या इनका कोई और गिरोह भी शामिल है?

# 12 वर्ष पूर्व का विवाद बना खूनी खेल

- **पैसे मांगने पर हुआ विवाद**
- **ठेकेदार ने किया जानलेवा हमला**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम में गावदेवी मंदिर के पास एक रिक्शा चालक हरिप्रसाद रामलोट तिवारी ने 12 साल पहले अपना घर बनाने के लिए उमेश गिरी नामक ठेकेदार को नियुक्त किया था, जब उमेश ने घर बनाने के लिए रेती और सीमेंट लिया था लेकिन कुछ कारणों से उमेश ने घर का निर्माण पूरा नहीं किया और हरिप्रसाद ने भी उमेश को पैसे नहीं दिए। तबसे लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा है। इस मसले को लेकर 19 जून की शाम 4 बजे हरिप्रसाद व उमेश के बीच बहस शुरू हो गई। उमेश ने उसे रोका और पूछा कि मेरे पैसे कब दोगे. बाद में उमेश का पुत्र दीपनारायण भी आया और दोनों ने मिलकर तिवारी की जमकर पिटाई की। हरिप्रसाद का पुत्र बीच बचाव के लिए आया तो दीपनारायण गिरी व चाचा सुरेश गिरी ने धारदार हथियार से हरिप्रसाद के बेटे रत्नेश पर हमला कर उसे बुरी तरह जख्मी कर दिया। रत्नेश तिवारी का ईलाज कलवा अस्पताल में चल रहा है। इस मामले में तिवारी ने आईपीसी की धारा 323, 504 के तहत मामला दर्ज कराया है.

# अंबरनाथ में नलों से आ रहा गंदा पानी

- **नागरिकों से पानी को उबालकर पीने की अपील**
- **मजीप्रा ने शिकायत के लिए जारी किए फोन नंबर**

**अंबरनाथ.** महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण (मजीप्रा) द्वारा अंबरनाथ और बदलापुर शहर के नागरिकों को आपूर्ति किया जाने वाला पीने का पानी पिछले कुछ दिनों से गंदा हो रहा है और इसलिए प्राधिकरण ने नागरिकों से पानी के संबंध में अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की है। जीवन प्राधिकरण की ओर से नागरिकों से गंदे पानी की शिकायत करने की भी अपील की गई है.

महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण अंबरनाथ शहर के एक बड़े हिस्से और पूरे बदलापुर शहर में पानी की आपूर्ति करता है। प्राधिकरण की ओर से बैराज बांध में बदलापुर से बहने वाली उल्हास नदी से पानी उठाया जाता है। इसे प्राधिकरण के विभिन्न जल उपचार संयंत्रों में शुद्धीकरण किया जाता है और विभिन्न जल निकायों के माध्यम से वितरित किया जाता है। बरसात का मौसम शुरू होते ही नदी में गंदे पानी की मात्रा बढ़ जाती है। ऐसे में शुद्धीकरण के बाद भी नागरिकों को मटमैला पानी सप्लाई आ रहा है. पिछले कुछ दिनों से गंदे पानी की शिकायतें बढ़ गई थीं। इसलिए एहतियात के तौर पर मजीप्रा की ओर से नागरिकों से पानी को छानकर और उबालकर पीने का अनुरोध किया गया है.



### यहां शिकायत दर्ज करें

यदि पाइपलाइन पर कोई रिसाव देखा जाता है, तो महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण से शिकायत दर्ज करने की अपील की गई है। अम्बरनाथ (पूर्व/पश्चिम) :- 9220606854, 9860324236. नागरिक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बदलापुर पूर्व 9869786151, पश्चिम 8983280232 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

- **लीक हो रहे पानी के पाइपों की तलाश करें**

नागरिकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी जल आपूर्ति सीवरेज क्षेत्रों से न हो। यदि ऐसा पाया जाए तो इस जलमार्ग को सीवर से निकालकर सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया जाए। साथ ही अथॉरिटी ने यह सुनिश्चित करने की भी अपील की है कि कोई लीकेज न हो. इसके साथ ही प्राधिकरण ने बहुमंजिला इमारतों में उपभोक्ताओं से जल भंडारण टैंकों को साफ करने की भी अपील की है।

# मुंबई-नासिक हाईवे का 60 फीसदी काम पूरा

- **मई 2025 तक करना पड़ेगा इंतजार**
- **एक और साल करना पड़ेगा जाम का सामना**

**ठाणे.** ठाणे जिले में यातायात की दृष्टि से महत्वपूर्ण मुंबई नासिक हाईवे पर माजीवाड़ा से वडपे तक करीब 24 किमी लंबी परियोजना 60 फीसदी पूरी हो चुकी है. इस परियोजना के सितंबर 2024 में पूरा होने की उम्मीद है। अब यह परियोजना मई 2025 तक पूरी होने का अनुमान है। परियोजना के काम में देरी के कारण सड़क पर अगले एक साल तक ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ेगा.

मुंबई नासिक हाईवे यातायात की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उरण जेएनपीटी से निकलने वाले भारी वाहनों के साथ-साथ हल्के वाहनों का दैनिक आवागमन भी इसी मार्ग से होता है। हालांकि यह हाईवे कई जगहों पर संकरा है। साथ ही सड़क की हालत भी काफी खराब हो गयी है. यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के नियंत्रण में है। प्राधिकरण की ओर से इस सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही थी। इसके कारण मानसून के दौरान माजीवाड़ा, साकेत, खारेगांव, भिवंडी इलाकों में बड़ी संख्या में गड्ढे हो जाते थे। यहां गड्ढों के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इसके कारण, राज्य सड़क विकास बोर्ड ने 2021 से माजीवाड़ा से वडपे सड़क का काम शुरू किया। यह प्रोजेक्ट करीब 24 किमी लंबा है.



### परियोजना की विशेषताएं

- इस प्रोजेक्ट पर कुल 1 हजार 182 करोड़ 87 लाख रुपये खर्च किये जा रहे हैं.
- खारेगांव में 38 लेन का टोल प्लाजा
- चार-लेन की मुख्य सड़कों को आठ-लेन की सड़कों और दो-दो लेन की सर्विस सड़कों में परिवर्तित करना।

इस मार्ग से समृद्धि महामार्ग को जोड़ा जाएगा। इसलिए भविष्य में इस मार्ग पर भारी मात्रा में वाहनों का आवागमन होगा। यहां सड़क चौड़ीकरण कार्य के साथ-साथ साकेत, खारेगांव क्रीक ब्रिज परियोजना के महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं। इसमें भिवंडी में रेलवे पुल और वडपे फ्लाईओवर का निर्माण भी शामिल है। इस परियोजना के सितंबर 2024 में पूरा होने की उम्मीद थी, लेकिन विभिन्न तकनीकी कारणों से प्रोजेक्ट का काम समय पर पूरा नहीं हो सका. प्रोजेक्ट का 60 प्रतिशत ही काम पूरा हो सका है. चूंकि शेष 40 प्रतिशत अगले तीन महीनों में पूरा नहीं किया जा सकता है, इसलिए राज्य सड़क विकास निगम ने परियोजना का काम मई 2025 तक बढ़ाने का फैसला किया है।

राजमार्ग पर महत्वपूर्ण पुलों में खारेगांव पुल का 62 प्रतिशत, साकेत पुल का 69 प्रतिशत, रेलवे पुल का 30 प्रतिशत और वाडपे फ्लाईओवर का 37 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

# बदलापुर-टिटवाला बस फिर शुरू

**बदलापुरः** कोरोना काल में बंद हुई बदलापुर-टिटवाला बस सेवा फिर से शुरू हो गई है. इसलिए महागणपति के दर्शन के लिए बदलापुर से टिटवाला जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ बदलापुर और टिटवाला के बीच रहने वाले ग्रामीण विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी. पहली बस सुबह 7 बजे बदलापुर पश्चिम बस स्टेशन से टिटवाला के लिए रवाना होगी। इसके बाद रात 11 बजे और फिर 3 बजे बस टिटवाला जाएगी. फिर बस सुबह 8 बजे और दोपहर 12 बजे और शाम 4 बजे टिटवाला से बदलापुर पहुंचेगी.

महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम के अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की मांग और यात्रियों की बढ़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए फेरियां बढ़ाई जाएंगी. स्थानीय विधायक किसन कथोरे ने बदलापुर टिटवाला बस सेवा शुरू करने के लिए महाराष्ट्र राज्य परिवहन बोर्ड से बात की थी। शैक्षणिक वर्ष शुरू होने से पहले यह बस सेवा बहाल होने से विद्यार्थियों को काफी फायदा होगा. क्योंकि गोवेली, बदलापुर, टिटवाला आदि क्षेत्रों के छात्र बस से यात्रा कर सकेंगे। साथ ही महागणपति के दर्शन के लिए टिटवाला जाने वाले श्रद्धालुओं को भी इस बस सेवा से फायदा होगा.



### बदलापुर वांगनी बस सेवा शुरू करने की मांग

वांगनी से बदलापुर के लिए एक से डेढ़ घंटे के अंतराल पर ट्रेनें उपलब्ध हैं। हालांकि, बीच के गोरेगांव, चामटोली, कासगांव और वांगनी इलाकों में रहने वाले छात्रों को वांगनी या बदलापुर रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए प्रतिदिन 50 से 100 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। लेकिन अगर वांगनी से बदलापुर तक बस सेवा शुरू हो जाती है तो इससे यात्रियों और छात्रों को काफी फायदा होगा. इसलिए, पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य मनोहर शेलार ने मांग की है कि विधायक किसन कथोरे वांगनी-बदलापुर बस सेवा फिर से शुरू करने की पहल करें.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिन सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास संपादकीय

## बड़े शहरों में सुरक्षा मानकों पर फेल

शहरों-महानगरों में बने व्यावसायिक परिसरों या माल में जाने वाले लोग आमतौर पर सामान की खरीदारी के अलावा वहां होने वाली अलग-अलग गतिविधियों के प्रति भी आकर्षित होते हैं। इनमें पैसा चुका कर खेले जाने वाले कई तरह के खेल भी शामिल होते हैं, जो खासतौर पर बच्चों का ध्यान खींचते हैं। इन परिसरों में सुरक्षा के उच्च मानकों का पालन करने का दावा किया जाता है। मगर चंडीगढ़ के एक मशहूर माल में जिस तरह 'खिलौना ट्रेन' के अचानक पलट जाने से एक बच्चे की जान चली गई, उससे यही साबित हुआ है कि लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए ऐसी जगहों का प्रबंधन समूह कारोबारी गतिविधियां संचालित तो करता है, लेकिन उसके सुरक्षित होने को लेकर पर्याप्त फिक्र नहीं की जाती।

माल में 'खिलौना ट्रेन' में बच्चों को बिठा कर उसे चलाते हुए इसका ध्यान रखने की जरूरत नहीं समझी गई कि गाड़ी में बैठे बच्चों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करनी है। नतीजतन, एक जगह मुड़ते हुए गाड़ी पलट गई और उसके डिब्बे से ग्यारह वर्ष के एक बच्चे के सिर में इस तरह चोट लगी कि उसकी जान चली गई।

साफ है कि यह प्रबंधन की जिम्मेदारी उठाने में बरती गई घोर लापरवाही है, जिसकी कीमत एक परिवार को इस त्रासद तरीके से चुकानी पड़ी। व्यावसायिक परिसरों में ऐसे मामले अक्सर सामने आते हैं, जहां मनोरंजन आदि के लिहाज से किसी खेल का संचालन किया जाता है। मगर वहां सुरक्षा इंतजामों को लेकर जरूरी सावधानी नहीं बरती जाती है, जिसका खमियाजा वहां आए बच्चों या लोगों को भुगतना पड़ता है। ज्यादा दिन नहीं बीते हैं जब गुजरात के राजकोट में एक खेल परिसर में आग लगने से कम से कम तीस लोगों की जान चली गई थी।

इस तरह के हादसों के उदाहरण होने के बावजूद व्यावसायिक परिसरों में बच्चों के लिए आयोजित गतिविधियों में हर स्तर पर जरूरी सावधानी क्यों नहीं बरती जाती है? वहां कारोबार या मनोरंजन गतिविधियों के मामले में सुरक्षा या व्यवस्था संबंधी मामलों की निगरानी और उसकी जांच किसकी जिम्मेदारी है? किसी बड़े हादसे के बाद सरकार और प्रशासन के बीच जैसी सक्रियता देखी जाती है।

# घटते संवाद के कारण मानवीय सहानुभूति भी दम तोड़ देती

पिछले हफ्ते न्यूज चैनलों पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें सुबह-सुबह एक युवती को एक ऐसे व्यक्ति ने मार डाला, जिसे उसका पूर्व प्रेमी बताया जा रहा था। यह मामला प्रेम प्रसंग में आई कड़वाहट का लग रहा था। पीठ पर बैग लटकाए हुए उस लड़के ने युवती पर लगातार हमला किया, जबकि वहां खड़े अन्य लोग, खासकर उससे काफी बड़े लोग यह सब देख रहे थे। यह कोई ऐसा मामला नहीं था, जिसमें कोई खतरनाक अपराधी बंदूक या किसी घातक हथियार से लोगों को डरा रहा हो, बल्कि यह एक छोटे कद का लड़का था, जो युवती पर हमला कर रहा था।

ऐसी हिंसा के सामने लोगों की यह निष्क्रियता क्या बताती है? पिछले वर्ष एक अन्य लड़के को पत्थर से एक लड़की के सिर को कुचलते हुए देखा गया था, जबकि आसपास खड़े कई लोग मूकदर्शक बने हुए थे। शहर भर में लगे सीसीटीवी कैमरे इन भयावह घटनाओं को कैद करने का बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, लेकिन वे यह भी दिखाते हैं कि लोगों की नैतिकता कितनी गिर चुकी है। इन सभी मामलों में और अन्य मामलों में भी तथ्य यह है कि असहाय और असुरक्षित पीड़ित को क्रूरता का सामना करना पड़ता है और लोग हस्तक्षेप नहीं करते हैं। यह हमें न केवल हैरान करता है, बल्कि यह भी बताता है कि एक बार घर से निकलने के बाद आप बिल्कुल अकेले होते हैं।

दूसरी तरफ ऐसे भी उदाहरण हैं, जब भले लोगों ने मामले में हस्तक्षेप किया और उन्हें उसकी



भारी कीमत चुकानी पड़ी। कुछ साल पहले मुंबई में रुबेन और कीनन नामक दो लड़कों को तब अपनी जान गंवानी पड़ी, जब वे अपने समूह की दो लड़कियों को छेड़खानी करने वालों से बचा रहे थे। उस समय भी काफी सारे लोग अपराधियों को उन्हें पीटते और चाकू घोंपते देख रहे थे, लेकिन किसी ने बीच-बचाव नहीं किया। कीनन तो वहीं मर गया, लेकिन रुबेन 11 दिनों तक अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ता रहा। एक बार फिर यह घटना राष्ट्रीय समाचार बनी। ऐसी घटनाओं पर बाद में आक्रोश जताना और नैतिक रूप से निंदा करना एक नियमित अभ्यास हो गया है, लेकिन वास्तव में कुछ नहीं बदलता है। कीनन और रुबेन की घटना 2011 में हुई थी और अब 2024 में भी हम इन स्थितियों से जूझ रहे हैं। ऐसा लगता है कि ये घटनाएं बहुत दूर नहीं, बल्कि हमारे पड़ोस में हो रही हैं, जैसा कि मेरी घरेलू सहायिका ने बताया। बहुत संभव है कि हममें से कोई भी ऐसी किसी घटना में फंस जाए और बहुत कम मदद मिले।

समाज के लोगों के बीच एक अघोषित अनुबंध होता है कि हम एक-दूसरे का ख्याल रखेंगे और खतरों का सामना करते हुए एक-दूसरे के प्रति दयालुता दिखाएंगे। यह एक मानवीय अनुबंध है, जो उन मानवीय मूल्यों और अनुभवों पर आधारित होते हैं, जिन्हें एक समाज के रूप में हम साझा करते हैं। हालांकि अक्सर इस अनुबंध का उल्लंघन होता है। यह बेहद आम है और निर्मम तरीके से होता है, जैसे ट्रैफिक में एंबुलेंस को रास्ता देने या जानलेवा खतरे में पड़े किसी व्यक्ति की मदद करने से इन्कार करना।

इस तरह की निष्क्रियता का क्या मतलब है? यह एक मनोवैज्ञानिक स्थिति है, जिसे 'बाईस्टैंडर प्रभाव' कहा जाता है, जो कुछ हद तक इसके बारे में खुलासा करता है। वर्ष 1964 में किट्टी जेनोविस नामक एक महिला बारटेंडर की न्यूयॉर्क में बलात्कार करने के बाद हत्या कर दी गई। मीडिया में छपे एक लेख में दावा किया गया कि 38 लोगों ने कुछ अप्रिय घटना सुनी या देखी, लेकिन किसी ने भी पुलिस को नहीं बुलाया। इससे व्यापक स्तर पर लोगों में दहशत फैली और एक अध्ययन शुरू हुआ, जिसे 'बाईस्टैंडर प्रभाव' के नाम से जाना जाता है। पाया गया कि जब किसी सार्वजनिक स्थल पर कोई अपराध होता है, तो वहां मौजूद लोगों में जिम्मेदारी की भावना बिखर जाती है। हर कोई मानता है कि कोई दूसरा आगे बढ़कर हस्तक्षेप करेगा, हर व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत भागीदारी से जुड़े जोखिम का हिसाब लगा रहा होता है। यह व्यक्तिगत सोच सामूहिक निष्क्रियता की ओर ले जाती है।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**यह संपूर्ण सृष्टि प्रेम के नियम पर टिकी हुई है, जिसे भौतिकशास्त्र के रूप में व्यक्त किया जाता है।**

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रुहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# उपाध्यक्ष पद के लेकर शुरू हुई सियासी रस्साकशी

अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत और नए सांसदों के शपथ ग्रहण के बाद सबसे महत्त्वपूर्ण काम लोकसभा अध्यक्ष पद पर नियुक्ति होगी। हालांकि इस बार इस पर जिस तरह की खींचतान चल रही है, वह अप्रत्याशित है, फिर भी नई लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के संख्या बल से बने समीकरण को देखते हुए इसे स्वाभाविक कहा जा सकता है। फिलहाल राष्ट्रपति ने भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को प्रोटेम अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस क्रम में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए सहमति नहीं बन पाने की वजह से इस बार अब इसके लिए चुनाव कराने की नौबत आ गई है। अब स्थिति यह है कि पिछली लोकसभा में निचले सदन के अध्यक्ष रहे भाजपा सांसद ओम बिरला ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। कांग्रेस सांसद के सुरेश विपक्ष के उम्मीदवार होंगे।

दरअसल, लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की नौबत आने के पीछे मुख्य बात यह सामने आई है कि विपक्ष की ओर से लोकसभा उपाध्यक्ष पद दिए जाने की मांग उठाई गई, लेकिन सरकार ने इसे लेकर कोई आश्वासन नहीं दिया। नतीजतन, लोकसभा अध्यक्ष पद पर नियुक्ति अब चुनाव के जरिए ही होगा। इस मसले पर विपक्ष का कहना था कि लोकसभा उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को दिए जाने की परंपरा रही है और अगर सरकार इस परंपरा का पालन करती है तो पूरा विपक्ष सदन के अध्यक्ष के रूप में सरकार के उम्मीदवार का समर्थन करेगा। निचले सदन में लोकसभा अध्यक्ष का पद कई लिहाज से बेहद





अहम होता है। उन्हें संतुलित और तटस्थ रुख रखते हुए सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति न्यायपूर्ण दिखना होता है, क्योंकि अध्यक्ष किसी सत्ताधारी दल या विपक्ष का नहीं होता, पूरे सदन का होता है। इसी तरह उपाध्यक्ष को भी सभी दलों के सदस्यों के प्रति समान भाव रखना होता है। ऐसे में अगर अध्यक्ष का चुनाव सभी दलों की सहमति से होता तो यह एक आदर्श स्थिति होती। मगर हालत यह है कि इस मामले में खुद सत्ताधारी गठबंधन के प्रमुख घटक तेलगु देसम पार्टी और जनता दल (एकी) के रुख ने भाजपा को चिंतित किया था।

सवाल है कि आखिर किन वजहों से सरकार और विपक्ष के बीच इस मामले में एक परिपक्व सहमति नहीं बन पाई। अगर विपक्ष लोकसभा में उपाध्यक्ष पद मिलने पर अध्यक्ष के लिए समर्थन देने को तैयार था, तब सरकार इस पर सहमत क्यों नहीं हुई? सच यह है कि लोकसभा अध्यक्ष का पद बेहद महत्त्वपूर्ण होता है और कई बार बहुत नाजुक स्थितियों में उनका फैसला निर्णायक होता है। सदन में बहुमत साबित करने, दल-बदल कानून लागू करने और सदन के सदस्यों की योग्यता और अयोग्यता का फैसला लेने के मसले पर लोकसभा अध्यक्ष के रुख पर बहुत कुछ निर्भर करता है। यह छिपा नहीं है कि पिछली लोकसभा के दौरान अध्यक्ष के रवैये को लेकर विपक्षी दलों के बीच खासा असंतोष देखा गया। जबकि यह पद लोकसभा को संचालित करने के लिहाज से जितना महत्त्वपूर्ण होता है, उतना ही जरूरी यह है कि अध्यक्ष पर सदन के सभी जनप्रतिनिधियों का यह विश्वास हो कि किसी भी स्थिति में वे पक्षपात और पूर्वाग्रह के बिना सबके प्रति न्यायपूर्ण रुख अपनाएंगे। इसे सुनिश्चित करना सरकार की भी जिम्मेदारी होती है। अगर लोकसभा में जरूरी मुद्दों पर सभी संबंधित सदस्य अपनी उपस्थिति दर्ज कर पाते हैं तो इससे लोकतंत्र की खूबसूरती ही बढ़ेगी।

# किराये का मकान छोड़कर बस को बनाया अपना घर

महंगाई के इस दौर में किसी के लिए भी किराये के मकान में रहना काफी खर्चीला हो गया है, ऐसे में अपना घर खरीदना

**जरा हट के**

तो भूल ही जाइए! यही कारण है कि आज विदेशों से लेकर अपने देश में भी लोग सरल जीवन बिताना चाहते हैं और न्यूनतमवाद को अपना रहे हैं. कनाडा के एक कपल ने भी इसी फॉर्मूला को अपना लिया है और वो अब एक बस में रहते हैं. हालांकि, बस में रहना भी चुनौतीपूर्ण होता है. इस कपल ने हाल ही में बताया कि बस में रहना कैसे अच्छा है और किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है. एक



वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार मैंडी और उनके पति रिटोमो दोनों ही 32 साल के हैं और जापान से आते हैं, पर अब वो कनाडा में ही बस चुके हैं. दोनों अपने कुत्ते ऑस्कर के साथ एक बस में रहते हैं. उन्हें इस बस में रहते-रहते 3 साल हो चुके हैं. हुआ यूं कि महामारी के दिनों में दोनों की नौकरी चली गई थी. तब उन्होंने तय किया कि उन्हें पैसे कमाने के लिए नौकरी चाहिए और साथ ही रहने के लिए जगह. वो कनाडा के जिस जगह पर रहते थे, वहां पर 1.8 लाख रुपये तक किराया होता था. इस वजह से उन्होंने एक पुरानी स्कूल बस को खरीदा और उसे अपने हिसाब से रेनोवेट करना शुरू किया. उन्हें इस बस को पूरी तरह से रेनोवेट करने में करीब 2 साल लगे, हालांकि, वो इसमें 3 सालों से रह रहे हैं. इस बस पर पूरा खर्च आया था 15 लाख रुपये. बस में उन्होंने हर सुख-सुविधा का ध्यान रखा. बिस्तर से लेकर टॉयलेट तक और किचेन से लेकर सोलर पैनल तक, जिससे इस बस को ऊर्जा मिलती है. हैरानी इस बात की है कि कपल ने अपनी लाइफ में कभी रेनोवेशन का ऐसा काम नहीं किया था. मगर उन्होंने खुद ही बस की अधिकतर चीजों को डिजाइन किया. हालांकि, उन्होंने अपने दोस्तों और परिवार की भी मदद ली. उनका एक कजिन बिजली का काम करता था, उसने बस की वायरिंग की. उनकी सारी जरूरतें बस में पूरी हो जाती हैं. सिर्फ नहाने की समस्या है, क्योंकि कनाडा में बहुत ठंड पड़ती है और वो बस के ऊपर बाहरी टैंक नहीं लगा सकतीं. ठंड से पानी जम सकता है, इस वजह से वो प्रोपेन वॉटर हीटर का प्रयोग करते हैं.





# फ्रूट सैंडविच

**सामग्री :**
- 2 ब्रेड स्लाइस
- 2 मध्यम स्ट्रॉबेरी
- 1 बड़ा चम्मच मिक्स्ड फ्रूट जैम
- 1 बड़ा चम्मच मक्खन
- 1/4 केला
- 4 ब्लूबेरी
- 1 चुटकी नमक

**विधि :**

दो ब्रेड स्लाइस लें और एक पर जैम और दूसरे पर मक्खन लगाएं.

अब फलों को जितना संभव हो उतना पतला काट लें और एक ब्रेड स्लाइस पर अच्छी तरह फैला दें. स्वाद को संतुलित करने के लिए चुटकी भर नमक छिड़कें. इसे दूसरी ब्रेड स्लाइस से ढक दें.

आपका फ्रूटी सैंडविच परोसने के लिए तैयार है.

बच्चों को लंच बॉक्स में सर्व करने के लिए इन्हें बीच में से हाफ कट कर दें, साथ में कुछ फल रख दें.



अगर आपके घर में बच्चे हैं जो खाने में नखरे करते हैं, तो आप उन्हें यह रेसिपी परोस सकते हैं और यह उन्हें निश्चित रूप से पसंद आएगी. आप इस रेसिपी को नाश्ते, रात के खाने और यहां तक कि शाम के नाश्ते के रूप में भी परोस सकते हैं. सैंडविच को अपने स्वाद के अनुसार बनाने के लिए अपनी पसंद के फल डालें. इतना ही नहीं आप अपनी पसंद का जैम फ्लेवर ब्रेड पर स्प्रेड कर सकते हैं, जैसे अनानास जैम, मैंगो जैम वगरह.

# सावधान : मोबाइल कर रहा है बीमार



### आपके पेट में फैल रही है ये बीमारी..!

मोबाइल फोन, टैबलेट, कंम्यूटर, ईयरफोन और स्मार्ट वॉच जैसे गैजेट हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। रोजमर्रा के कामों को निपटाने के लिए न सिर्फ ये जरूरी हैं, बल्कि हमारे स्टाइल का हिस्सा भी बन गए हैं। मोबाइल फोन को हम हर जगह साथ रखते हैं, फिर चाहे वो खाने की टेबल हो या बिस्तर। कई लोग तो बाथरूम में भी फोन और टैबलेट साथ लेकर जाते हैं।

इन गैजेट्स पर कई ऐसे बैक्टीरिया पाए गए हैं, जो बीमारी का कारण बनते हैं। फोन के मैकेनिज्म के कारण हमेशा हीट निकलती रहती है, इसलिए यह गैजेट बैक्टीरिया की पसंदीदा जगह हैं।

विशेषज्ञों ने बताया कि स्क्रीन पर बैक्टीरिया, वायरस, फंगी और प्रोटोजोआ पनपते हैं। इनकी वजह से डायरिया, फूड पॉइजनिंग, सांस की बीमारी और त्वचा में संक्रमण हो सकता है। लोग अपनी फिटनेस को ट्रैक करने के लिए स्मार्ट वॉच पहनते हैं, लेकिन इसके बैंड और स्क्रीन पर भी कई बैक्टीरिया (जैसे स्टैफिलोकोकस, स्यूडोमोनस, एस्चेरिचिया, ई-कोलाई पाए जाते हैं) जो त्वचा संक्रमण, टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम, रक्त, फेफड़ों में निमोनिया या शरीर के अन्य अंगों में संक्रमण और दस्त का कारण बनते हैं।

### कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों को खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, ये बैक्टीरिया कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। लगातार कई घंटों तक ईयरफोन या ईयरपॉड का इस्तेमाल करने से कान का तापमान और नमी बढ़ जाती है, जिससे कान में भी संक्रमण हो सकता है।

ज्यादातर मामलों में स्मार्टफोन की सतह पर स्टैफिलोकोकस ऑरियस जीवाणु पाया जाता है। इसे आमतौर पर स्टैफ के नाम से जाना जाता है। इसकी वजह से त्वचा में संक्रमण हो सकता है। यही नहीं, जब आप इस बैक्टीरिया के संपर्क में आते हैं तो इससे फूड पॉइजनिंग भी हो सकती है। इसलिए अगर खाते समय गैजेट का इस्तेमाल करते हैं तो इसे तुरंत बंद कर दें। यह बैक्टीरिया गैजेट से बहुत आसानी से आपके हाथों, फिर चेहरे और मुंह तक पहुंच सकता है।

### पेट, त्वचा और UTI तक का खतरा

एस्चेरिचिया कोलाई या ई-कोलाई भी गंभीर संक्रमण पैदा करने वाले बैक्टीरिया होते हैं। इसके कुछ वैरिएंट गंभीर दस्त, मूत्र मार्ग संक्रमण (यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन) और गुर्दे के रोग का कारण बन सकते हैं। स्ट्रेप्टोकोकस पायोजेन्स बैक्टीरिया गले से लेकर स्किन इंफेक्शन तक कई प्रकार के संक्रमण का कारण बन सकता है। यह मोबाइल फोन सहित कई सतहों पर लंबे समय तक जीवित रह सकता है, जिससे इसके फैलने का खतरा अधिक बढ़ जाता है। स्यूडोमोनस ऐरुगिनोसा बैक्टीरिया से श्वसन संक्रमण, यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन और रक्त संक्रमण भी हो सकता है।

### फोन की करतें रहें साफ-सफाई

एक शोध के अनुसार, 26 मोबाइल फोन पर 11,163 माइक्रो जीव मिले, जो खतरनाक बीमारियों का कारण बनते। इसलिए अपने गैजेट की स्क्रीन और बैक कवर को माइक्रोफाइबर कपड़े या अल्कोहल वाइप्स से नियमित तौर पर साफ करें। बाथरूम या अन्य गंदे वातारवरण में फोन का इस्तेमाल करने से बचें। नियमित तौर पर साबुन और पानी से हाथ धोएं या सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें।

## आज का राशिफल

**मेष :** व्यवसाय-व्यापार मनोनुकूल चलेगा। आय बनी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा, सावधानी रखें। बुरी खबर मिल सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। मेहनत अधिक होगी। लाभ में कमी रह सकती है।

**वृषभ :** सामाजिक कार्य करने का मन लगेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधानी आवश्यक है।

**मिथुन :** पुरानी संगी-साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। कारोबार से लाभ होगा।

**कर्क :** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**सिंह :** दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। फालतू खर्च पर नियंत्रण नहीं रहेगा। हल्की मजाक करने से बचें। अपेक्षित काम में विलंब होगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम से काम रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। विवेक का प्रयोग करें। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या :** यात्रा लाभदायक रहेगी। संतान पक्ष से बुरी खबर मिल सकती है। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। नए उपक्रम प्रारंभ करने संबंधी योजना बनेगी।

**तुला :** सामाजिक कार्य करने में मन लगेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**वृश्चिक :** चोट व रोग से कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**धनु :** चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दौड़धूप रहेगी। नकारात्मकता हावी रहेगी।

**मकर :** यात्रा लाभदायक रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। सरकारी कामों में सहूलियत होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर में सुख-शांति रहेंगे। कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों से सहयोग मिलेगा।

**कुंभ :** ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**मीन :** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। आनंद के साथ समय व्यतीत होगा। मनपसंद व्यंजनों का लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। किसी व्यक्ति से बहस हो सकती है।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# हड्डियों में स्टील जैसी ताकत से भर सकती है जुकिनी

यह ठीक खीरे जैसी सब्जी है लेकिन खीरा नहीं है. इसका नाम जुकिनी है. जुकिनी देखने में जितनी मुलायम दिखती है शरीर के लिए उतना ही फायदेमंद है. हड्डियों में कैल्शियम, पौटैशियम और मैग्नीशियम की मात्रा बहुत ज्यादा होती है जिसकी मदद से आप अपनी हड्डियों में स्टील जैसी ताकत ला सकते हैं. जुकिनी में पोषक तत्व भरे होते हैं. एक जुकिनी में 1 ग्राम हेल्दी फैट, 1 ग्राम प्रोटीन, 3 ग्राम कार्बोहाइड्रेट और एक ग्राम फाइबर के साथ पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम होता है. इसके अलावा इसमें विटामिन सी, विटामिन बी 6, जिंक, फॉस्फोरस, कॉपर सहित कई तरह के पोषक तत्व मौजूद होते हैं.



### हड्डियों को मजबूत बनाने में माहिर

जुकिनी का सलाद बनाकर सेवन किया जाता है. यदि आप जुकिनी का नियमित सेवन करेंगे तो इससे हड्डियां फौलाद बन सकती है. क्योंकि इसमें कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम सहित कई तरह के तत्व होते हैं जो हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी है.

### पेट साफ करने की दवा

मेडिकल न्यूज टूडे के मुताबिक जुकिनी का सेवन पेट को क्लीन करने में बहुत उपयोगी साबित हो सकता है. रिपोर्ट के मुताबिक एक तो इसमें बहुत अधिक पानी होता है. दूसरा इसमें फाइबर भी भरपूर मात्रा में होती है. इसमें सॉल्यूबल और इनसॉल्यूबल दोनों तरह के फाइबर होते हैं. इससे पेट में कंटेंट अधिक बनता है और बाओल मूवमेंट सही होता है. इससे स्टूल पास होना आसान हो जाता है. जुकिनी कॉन्स्टिपेशन को भी दूर रख सकता है.

### शुगर लेवल कंट्रोल

जुकिनी में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा न के बराबर होती है. इसलिए शुगर बढ़ाने का कोई सवाल ही नहीं उठता. दूसरी ओर इसमें फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है जिसके कारण यदि किसी अन्य फूड से ग्लूकोज ज्यादा बन रहा है तो उसकी गति को यह धीमी कर देता है.

### हार्ट के लिए फायदेमंद

जुकिनी हार्ट के लिए भी बहुत फायदेमंद है. एक स्टडी के मुताबिक जुकिनी कोरोनरी हार्ट डिजीज के जोखिम को कम कर देती है. वही यह बैड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ने नहीं देता. इसके अलावा यह ब्लड वैसल्स को स्मूथ रखती है. इससे ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है.

### आंखों के लिए गुणकारी

जुकिनी में हाई विटामिन सी होता है. यह एक प्रकार को एंटीऑक्सीडेंट है. स्टडी के मुताबिक जुकिनी में मौजूद तत्व आंखों की समस्याओं के जोखिम को कम कर देता है.

# स्वाद और पोषक तत्वों से भरपूर है पपीता

- पाचन के लिए फायदेमंद
- शरीर को भी करे रोग मुक्त

वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ राजेश पाठक ने लोकल 18 से कहा कि कच्चा पपीता के फल में प्रचुर मात्रा में विटामिन सी, विटामिन ए, पोटेशियम, फाइबर,और फोलिक एसिड पाया जाता हैं. जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है. हमारे शरीर को संक्रामक बीमारियों से बचाता है.

**पाचन में सुधारः** कच्चा पपीते में पपेन नामक विशेष एंजाइम होता है. जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने और कब्ज से राहत दिलाने में मददगार होते हैं. ऐसे में अगर रोजाना सुबह नाश्ते में फ्रूट सलाद के रूप में 50 ग्राम छोटे पपीता का सेवन करें तो पेट की समस्या से राहत प्राप्त मिलेगी.

**वजन घटाने में सहायकः** कच्चा पपीते में फाइबर कि मात्रा अधिक होती है, ऐसे मेंकच्चा पपीता खाने से पेट भरा रहता है.अगर भूख कम लगती है. जिससे वजन कम करने में मदद करता है. इसके



अलावा कच्चा पपीता खाने से शरीर से मौजूद विषाणुओं को बाहर निकालने में और शरीर को रोग मुक्त रखने में मदद करता है

**दिल के लिए फायदेमंदः** कच्चा पपीते में पोटेशियम और मैग्नीशियम और मल्टीविटामिन पाए जाते हैं, जो शरीर में रक्तचाप को नियंत्रित करने में सहायक होता और दिल को स्वास्थ्य रखने में मदद करता है

कच्चा पपीता मधुमेह के रोगियों के लिए भी उपयोगी माना जाता है क्योंकि इससे मौजूद गुणकारी तत्व शुगर के स्तर को नियंत्रित रखने में मदद करते है. त्वचा के लिए कच्चा पपीता में विटामिन ए और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता हैं,जो त्वचा को स्वस्थ और निखार बनाए रखने में मदद करता है

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### नाबालिग से शादी के लिए थाने पहुंची युवती, लड़के के घर बुलानी पड़ गई पंचायत

**अंबेडकर नगर.** अंबेडकर नगर में छोटी उम्र के प्यार का एक अजब मामला सामने आया है। यहां एक 15 साल के नाबालिक किशोर और एक बालिग युवती में प्यार हो गया। लड़के के घर वालों को इसकी भनक लगी तो दोनों को एक दूसरे से दूर कर दिया गया। इससे नाराज युवती थाने पहुंच गई। किशोर के खिलाफ शादी का झांसा देकर रेप करने की तहरीर दे दी। तहरीर मिलते ही लड़के के घर खलबली मची। पुलिस की मौजूदगी में पंचायत बुलाई गई। फैसला हुआ कि लड़के के बालिग होने पर दोनों की शादी करा दी जाएगी। इसके बाद युवती का गुस्सा शांत हुआ और वह भी मान गई। नाबालिग से बालिग युवती के प्यार और मामला पुलिस तक पहुंचने से इलाके के लोग हैरान हैं। हर तरफ इसी मामले की चर्चा हो रही है।

### अवैध संबंधों के चलते हत्या; आधी रात प्रेमी के साथ कमरे में थी बीवी, तभी आ धमका पति

**कौशांबी.** कौशांबी से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां अवैध संबंधों के चलते एक युवक की हत्या हो गई। दरअसल 9 दिन पहले लापता युवक की लाश मंगलवार को पुलिस ने सिहोरी टोल प्लाजा से 12 किलोमीटर दूर नबाबगंज के पास हाइवे पर बनी पुलिया के नीचे से बरामद कर लिया। बोरे में बंद शव मिलने की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस का कहना है कि प्रेमिका के पति ने युवक की गला घोंट कर हत्या की है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, आरोपी ने भी अपना जुर्म कबूल लिया। युवक जिस रात लापता हुआ था, उसी रात उसकी हत्या की गई थी। ये घटना अड़हरा गांव का का है। जहां 19 साल का शिवम उर्फ छोटू 16 जून की रात करीब 9 बजे संदिग्ध दशा में लापता हो गया था.

### घर से भागे प्रेमी युगल ने उठाया खौफनाक कदम, सल्फास खाने के बाद फांसी के फंदे से लटके

**एटा.** एटा से सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां प्रेमी युगल ने सोमवार को एक ही रस्सी के दो सिरे से गले में फंदा लगाकर आत्मगत्या कर ली। फांसी लगाने से पहले दोनों ने सल्फास की गोलियां खाईं थी। ये घटना कोतवाली देहात के गांव नगला पाती का है। 18 साल के आकाश कुशवाहा का करिश्मा कुशवाहा के साथ डेढ़ साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों के घर आमने-सामने हैं। दोनों के प्यार की जानकारी होने पर दोनों का परिवार इसके विरोध में था। पड़ोस का मामला होने के कारण लड़की की मां भी की शादी के लिए राजी नहीं थी।

### आकाशीय बिजली से दो की मौत; चार झुलसे

**पीलीभीत.** पीलीभीत में दो अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। जबकि चार लोग झुलस गए। सूचना पर पहुंची संबंधित थानों की पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। पहला हादसा पीलीभीत के घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव मटैना में हुआ। सरवन पुत्र पारस (उम्र 50 वर्ष) धनेज यादव के खेत में मजदूरी करने गया था। इसी दौरान उस पर आकाशीय बिजली गिर गई और वहां हड़कंप मच गया।

# स्पीकर बनते ही बिरला ने इमरजेंसी की निंदा की

- **सदन में नारेबाजी;**
- **विपक्ष का आरोप- आप भाजपा का एजेंडा चला रहे हैं**



**नई दिल्ली.** स्पीकर चुने जाने के बाद ओम बिरला ने सदन में इमरजेंसी की निंदा की। उन्होंने कहा- इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाकर अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान का अपमान किया था। स्पीकर के प्रस्ताव रखते ही पक्ष और विपक्ष के सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। स्पीकर ओम बिरला इमरजेंसी के दौरान जान गंवाने वालों की याद में दो मिनट का मौन रखने को कहा। सत्ता पक्ष के सांसदों ने मौन रखा, लेकिन कांग्रेस और विपक्ष के सांसद हंगामा करते रहे। कांग्रेस सांसदों का आरोप था कि स्पीकर भाजपा का एजेंडा चला रहे हैं। मौन के बाद स्पीकर ने गुरुवार तक के लिए संसद को स्थगित कर दिया। अब कल (गुरुवार को) संसद में राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा।

इससे पहले NDA उम्मीदवार ओम बिरला बुधवार को ध्वनिमत से लोकसभा के स्पीकर चुने गए। PM नरेंद्र मोदी और सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उन्हें आसंदी तक छोड़ने आए। विपक्ष ने मतदान की मांग की थी। उनके उम्मीदवार के. सुरेश थे। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने यह मांग खारिज कर दी। PM मोदी ने बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा था। PM ने कहा- ओम बिरला का अनुभव देश के काम आएगा। राहुल गांधी ने कहा- मुझे विश्वास है कि आप विपक्ष की आवाज दबने नहीं देंगे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- उम्मीद है कि विपक्ष की आवाज नहीं दबाई जाएगी। न ही निष्कासन जैसी कार्रवाई की जाएगी। आपका अंकुश विपक्ष पर तो रहता है, सत्ता पर भी रहे। आपके इशारे पर सदन चलता है, इसका उल्टा न हो। सदन में जब पीएम मोदी ने अपने मंत्रिमंडल का परिचय कराते वक्त शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नाम लिया तो विपक्ष के सांसदों ने शेम-शेम कहना शुरू कर दिया। सोमवार को जब धर्मेंद्र प्रधान सांसद पद की शपथ लेने गए थे, तब भी विपक्ष के सांसदों ने NEET-NEET, शेम-शेम के नारे लगाए थे।

# नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने मिलाया हाथ



### लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के स्वागत में आए साथ

**नई दिल्ली.** भाजपा सांसद ओम बिरला के लगातार दूसरी बार स्पीकर चुने जाने के बाद लोकसभा में पीएम मोदी और राहुल गांधी साथ नजर आए। दोनों ने एक-दूसरे से गर्मजोशी से हाथ भी मिलाया। इसके बाद ओम बिरला को स्पीकर की कुर्सी तक वे साथ लेकर गए। राहुल गांधी को एक दिन पहले विपक्षी गठबंधन ने नेता विपक्ष चुना है। नेता विपक्ष के तौर पर सदन में जिम्मेदारी लेने वाले वह गांधी परिवार के तीसरे नेता हैं। इससे पहले उनकी मां सोनिया गांधी और पिता राजीव गांधी सदन में नेता विपक्ष रह चुके हैं।

18वीं लोकसभा के लिए राजस्थान के कोटा से लगातार तीसरी बार सांसद चुनकर आए ओम बिरला लोकसभा के स्पीकर चुन लिए गए हैं। उन्होंने विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार और कांग्रेस सांसद के सुरेश को ध्वनिमत से हराया। इसके बाद नेता विपक्ष के तौर पर राहुल गांधी और सदन के नेता के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया। दोनों ओम बिरला के स्वागत में एक साथ आए।

### राहुल गांधी को सुल्तानपुर कोर्ट में पेश होने का आदेश

**सुल्तानपुर.** सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को अमित शाह हेट स्पीच केस में 2 जुलाई को पेश होने का आदेश दिया है।

बुधवार को सुनवाई के दौरान जज ने राहुल के वकील से पूछा कि वह कहां हैं? वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि लोकसभा में स्पीकर पद का चुनाव है। इसलिए वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। कोर्ट ने राहुल को 2 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने का आदेश दिया है।

# शपथ के समय जय फिलिस्तीन कह बुरे फंसे ओवैसी

- **सांसदी पर मंडराया खतरा**
- **राष्ट्रपति को लेटर**

**नई दिल्ली.** लोकसभा में शपथ लेने के दौरान एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी के जय फिलिस्तीन कहने पर विवाद छिड़ गया है। ओवैसी की संसद से सदस्यता खत्म करने की मांग होने लगी है। वरिष्ठ वकील हरि शंकर जैन ने भी इस बाबत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेटर लिखा है और ओवैसी की सदस्यता को अयोग्य घोषित करने की मांग की है।

वरिष्ठ वकील हरि शंकर जैन ने हैदराबाद से एक बार फिर चुने गए असदुद्दीन ओवैसी द्वारा सदन के सदस्य के रूप में शपथ लेते समय इस्तेमाल किए गए 'जय फिलिस्तीन' शब्दों पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा। उन्होंने राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि 25.06.2024 को संसद सदस्य के रूप में शपथ लेते समय विदेशी देश यानी फिलिस्तीन के प्रति अपनी निष्ठा और पालन को स्वीकार करने के लिए सांसद को अयोग्य घोषित किया जाए।



हैदराबाद से पांचवीं बार सदस्य निर्वाचित हुए ओवैसी ने उर्दू में शपथ ली थी। शपथ लेने से पहले उन्होंने दुआ पढ़ी। अपनी शपथ के बाद उन्होंने मुस्लिमों के लिए एआईएमआईएम का नारा बुलंद करने के अलावा अपने राज्य तेलंगाना, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के पक्ष में नारा लगाया। ओवैसी ने पश्चिम एशिया के उस क्षेत्र के पक्ष में नारा लगाया जो वर्तमान में युद्ध का सामना कर रहा है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा के केंद्रबिंदु में है। उनकी शपथ के बाद सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों ने आपत्ति जताई, जिससे सदन में हंगामा शुरू हो गया।

संसद से बाहर संवाददाताओं से बात करते हुए, ओवैसी ने कहा था कि उन्होंने सदन के भीतर 'जय फिलिस्तीन' कहा है। उनका कहना था, ''अन्य सदस्य भी अलग-अलग बातें कह रहे हैं... मैंने कहा 'जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन'। यह कैसे गलत है? मुझे संविधान के प्रावधान बताएं? आपको दूसरों की बात भी सुननी चाहिए...पढ़िए कि महात्मा गांधी ने फिलिस्तीन के बारे में क्या कहा था।'' यह पूछे जाने पर कि उन्होंने फिलिस्तीन का उल्लेख क्यों किया, ओवैसी ने कहा, ''वे उत्पीड़ित लोग हैं।''

# राहुल गांधी लोकसभा में नेता विपक्ष बने

- **संवैधानिक पद संभालेंगे**
- **राजीव-सोनिया के बाद इस पोजिशन पर रहने वाले गांधी परिवार के तीसरे सदस्य**

**नई दिल्ली.** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। पार्टी ने मंगलवार (25 जून) को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक के बाद इसकी घोषणा की। इसके बाद कांग्रेस संसदीय बोर्ड की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि माहताब को इस संदर्भ में पत्र लिखा।

राहुल अपने 20 साल के पॉलिटिकल करियर में पहली बार कोई संवैधानिक पद संभालेंगे। वे इस पद पर रहने वाले गांधी परिवार के तीसरे सदस्य होंगे। इससे पहले उनके पिता और पूर्व PM राजीव गांधी 1989-90 और मां सोनिया 1999 से 2004 तक इस पद पर रह चुकी हैं।



### 10 साल से खाली था नेता प्रतिपक्ष का पद

लोकसभा में 10 साल से नेता प्रतिपक्ष का पद खाली था। 2014 और 2019 में किसी विपक्षी दल के पास इसके लिए जरूरी न्यूनतम 10% सदस्य नहीं थे। नेता प्रतिपक्ष पद के लिए दावा पेश करने के लिए किसी भी पार्टी को कुल 543 में से 55 सदस्यों का आंकड़ा पार करना होता है।

2024 के चुनाव में कांग्रेस 99 सीटों के साथ सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बनी है। भाजपा की 240 और NDA की 293 सीटों के मुकाबले इंडिया गठबंधन 232 सीटें जीतने में कामयाब रही। इससे पहले 2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सिर्फ 52 सीटें जीती थीं। 2014 के चुनाव में पार्टी सिर्फ 44 सीटों पर जीत हासिल कर सकी थी।

# जम्मू-कश्मीर के डोडा में 3 आतंकी ढेर

**डोडा.** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के गंडोह इलाके में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। माना जा रहा है कि ये आतंकवादी घाटी में सेना और पुलिस पर हाल ही में हुए हमलों में शामिल थे। मुठभेड़ स्थल से अमेरिका निर्मित एम4 कार्बाइन सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने बताया कि पुलिस को तलाशी अभियान के दौरान 3 आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली। खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने घेराबंदी एवं तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों के जवान जब संदिग्ध क्षेत्र की ओर बढ़ रहे थे, तो छिपे हुए आतंकवादियों ने पुलिस और सेना की संयुक्त टीम पर गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। मुठभेड़ अभी भी जारी है।

# अलग सरनेम वालों के टिकट बुकिंग पर प्रतिबंध?

- **IRCTC ने जारी किया स्पष्टीकरण**

**नई दिल्ली.** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम यानी IRCTC ने ई-टिकट बुकिंग प्रतिबंधों के बारे में अफवाहों को खारिज कर दिया है। एक बयान में, आईआरसीटीसी ने स्पष्ट किया कि अलग-अलग उपनाम वाले यात्रियों को एक साथ टिकट बुक नहीं करने का सुझाव देने वाले दावे पूरी तरह से ऱझूठे और भ्रामकऱ हैं। आईआरसीटीसी के अनुसार, उसके प्लेटफॉर्म पर अकाउंट वाला कोई भी व्यक्ति दूसरों के लिए ई-टिकट प्राप्त कर सकता है। रेल मंत्रालय के प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम यानी IRCTC ने ई-टिकट बुकिंग प्रतिबंधों के बारे में अफवाहों को खारिज कर दिया है। एक बयान में, आईआरसीटीसी ने स्पष्ट किया कि अलग-अलग उपनाम वाले यात्रियों को एक साथ टिकट बुक नहीं करने का सुझाव देने वाले दावे पूरी तरह से झूठे और भ्रामक हैं। आईआरसीटीसी के अनुसार, उसके प्लेटफॉर्म पर अकाउंट वाला कोई भी व्यक्ति दूसरों के लिए ई-टिकट प्राप्त कर सकता है। रेल मंत्रालय के प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा कि आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार टिकट बुक किए जाते हैं और इन दिशा-निर्देशों से संबंधित जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। भारतीय रेलवे के अनुसार, कोई भी व्यक्ति अपने व्यक्तिगत यूजर आईडी के माध्यम से दोस्तों, परिवार और रिश्तेदारों के लिए टिकट बुक कर सकता है।

प्रवक्ता ने बताया कि किसी व्यक्ति के अकाउंट से प्रति माह 12 टिकट बुक किए जा सकते हैं और यदि अकाउंट आधार से प्रमाणित है, तो वह व्यक्ति प्रति माह 24 टिकट बुक कर सकता है, बशर्ते प्रत्येक टिकट पर कम से कम एक यात्री का भी आधार प्रमाणित हो। प्रवक्ता ने कहा, ''व्यक्तिगत यूजर आईडी पर बुक किए गए टिकट वाणिज्यिक बिक्री के लिए नहीं हैं और ऐसा करना रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 143 के तहत अपराध है।''

# भारतीय मजदूर की मौत पर इटली की PM जॉर्जिया मेलोनी ने जताया दुख




**रोम.** हाल ही में इटली में 31 वर्षीय एक भारतीय मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई थी। अब इस मौत को लेकर इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने दुख व्यक्त किया है। भारतीय मजदूर का हाथ कट गया था। लेकिन जिसके यहां वह काम करता था उसने इलाज कराने के बजाये उसे सड़क के किनारे फेंक दिया, जिससे उसकी दुखद मौत हो गई। पिछले सप्ताह हुई इस घटना ने इटली को झकझोर कर रख दिया है और प्रदर्शनकारियों ने उस नियोक्ता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। आज, मेलोनी ने इतालवी संसद में इस मुद्दे को उठाया और मृतक मजदूर सतनाम सिंह के प्रति संवेदना व्यक्त की। रोम के निकट लाजियो में सब्जी के एक खेत में काम करते हुए सतनाम सिंह का हाथ भारी मशीन में आकर कट गया था।

# जातिगत जनगणना : तमिलनाडु विधानसभा में प्रस्ताव पारित

- **भारतीय जनता पार्टी ने भी दिया साथ**

तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र से जाति आधारित जनगणना जल्द कराने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की ओर से पेश प्रस्ताव में कहा गया कि केंद्र सरकार को जनगणना का काम तत्काल शुरू करना चाहिए जो 2021 से लंबित है। प्रस्ताव में कहा गया कि साथ ही इस बार जाति आधारित गणना भी कराई जानी चाहिए।



प्रस्ताव में कहा गया, 'सदन का मानना है कि भारत के प्रत्येक नागरिक को शिक्षा, अर्थव्यवस्था और रोजगार में समान अधिकार और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए नीतियां बनाने के वास्ते जाति आधारित जनगणना आवश्यक है।'

भाजपा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के विधायकों ने प्रस्ताव का समर्थन किया। मुख्य विपक्षी दल अखिल भारतीय द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के सदस्यों की अनुपस्थिति में सदन में इसे पारित किया गया। अन्नाद्रमुक के विधायकों को सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के कारण विधानसभा से निलंबित किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष एम अप्पावू ने कहा कि प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

### विधायक निलंबित

तमिलनाडु विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष इडापड्डी के पलानीस्वामी सहित अन्नाद्रमुक के विधायकों को सदन की कार्यवाही में बाधा डालने को लेकर बुधवार को सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। मंगलवार को एक दिन के निलंबन के बाद काली शर्ट पहनकर विधानसभा में आए विपक्षी पार्टी के सदस्यों ने कल्लाकुरिची शराब त्रासदी के मामले को फिर से उठाने की कोशिश की।

# सूर्यकुमार यादव का ताज छिना




आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का सेमीफाइनल मैच 26-27 जून को खेले जाने हैं। हालांकि भारतीय समय के मुताबिक दोनों मैच 27 जून को ही खेले जाने हैं। इससे पहले आईसीसी ने टी20 बैटर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बैटर ट्रैविस हेड नंबर-1 बैटर बन गए हैं। भारत के सूर्यकुमार यादव दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं। सूर्यकुमार यादव लंबे समय से नंबर-1 टी20 बैटर बने हुए थे, हालांकि अभी भी ट्रैविस हेड और उनके बीच में ज्यादा अंतर नहीं है। ट्रैविस हेड ने इंडिया के खिलाफ सुपर-8 मुकाबले में धमाकेदार 76 रनों की पारी खेली थी, जिसका उन्हें रैंकिंग में फायदा मिला और चार पायदान की छलांग लगाकर वो नंबर-1 पोजिशन पर पहुंच गए हैं। ट्रैविस हेड के 844 रेटिंग पॉइंट्स हैं, जबकि सूर्यकुमार यादव के 842 रेटिंग पॉइंट्स हैं।

इंग्लैंड के फिल सॉल्ट एक पायदान नीचे गिरकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं, वहीं पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को भी रैंकिंग में एक पायदान का नुकसान उठाना पड़ा और वो चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के विकेटकीपर बैटर मोहम्मद रिजवान को भी एक पायदान का नुकसान हुआ और वो पांचवें नंबर पर पहुंच गए। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर छठे पायदान पर बने हुए हैं। वहीं भारत के सलामी बैटर यशस्वी जायसवाल नंबर-7 पर बने हुए हैं।

8वें नंबर पर एडेन मार्करम हैं और 9वें नंबर पर ब्रैंडन किंग। 10वें नंबर पर जॉनसन चार्ल्स हैं। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 रनों की धमाकेदार पारी खेली थी और रैंकिंग में उन्हें इसका बड़ा फायदा मिला है। रोहित शर्मा 13 पायदान की छलांग लगाकर 38वें नंबर पर पहुंच गए हैं। विराट कोहली को तीन पायदान का फायदा मिला है और वो 47वें पायदान पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा ऋतुराज गायकवाड़ छह पायदान के नुकसान 19वें पायदान पर खिसक गए हैं।

# तेजी से पेंडिंग केस निपटाएगा सुप्रीम कोर्ट

- **CJI चंद्रचूड़ ने कर दिया लोक अदालत का ऐलान**

**नई दिल्ली.** अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित पड़े मामलों को देखते हुए CJI डीवाई चंद्रचूड़ ने लोक अदालत लगाने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि 29 जुलाई से लोक अदालत शुरू की जाएगी और लोग इसका लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा, 29 जुलाई से 3 अगस्त तक सुप्रीम कोर्ट में लोक अदालत का आयोजन होगा। सुप्रीम कोर्ट की स्थापना के 75 साल पूरे होने पर आयोजित होने वाली कार्यक्रमों कि श्रृंखला के अंतरगत यह आयोजन भी किया जा रहा है।

CJI ने कहा, गौर करने वाली बात है कि हम सब जज हैं और न्याय के संस्थान के लिए उत्तरदायी हैं। ऐसे में हमें लंबित पड़े मामलों की भी चिंता है। लोक अदालत में एक बहुत ही अनौपचारिक और तकनीक आधारित हल निकाला जाएगा जिससे नागरिक संतुष्ट भी हो जाएं और केस भी निपट जाएं। यह आपसी सहमति पर आधारित होगा। उन्होंने कहा कि नागरिक और वकील सभी इसका लाभ उठा सकते हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के सभी साथियों और कर्मचारियों की तरफ से हम नागरिकों से अपील करते हैं कि नागरिक और वकील जिनके केस लंबित हैं वे कोशिश करें कि त्वरित तरीके से उनके मामलों का समाधान निकल आए। यह एक तरह का विवाद का हल निकालने का तरीका है। दरअसल लोक अदालत को लीगल सर्विसेज अथॉरिटीज ऐक्ट 1987 के तहत वैधानिक बताया गया है। लोक अदालतों द्वारा दिए गए फैसलों को सिविल अदालत का डिक्री माना जाता है और सभी पक्षों पर मानने के लिए बाध्यकारी होता है। इस फैसले के खिलाफ किसी अदालत में कोई अपील भी नहीं की जा सकती है। हालांकि प्रक्रिया के तहत उचित अदालत में जाकर मुकदमा शुरू किया जा सकता है।

विशेष लोक अदालतों द्वारा समझौते और निपटान की स्थिति में अदालती शुल्क वापसी का भी प्रावधान है। आम तौर पर इन अदालतों में वैवाहिक और संपत्ति विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, भूमि अधिग्रहम, मुआवजा, सेवा और श्रम संबंधी विवाद सुलझाए जाते हैं।

# शराब घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल को झटका

- **कोर्ट ने CBI को 3 दिन की रिमांड दी**

**नई दिल्ली.** दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में केजरीवाल को तगड़ा झटका लगा है। राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 3 दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया। अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत ने मामले में केजरीवाल की पांच दिन की सीबीआई की हिरासत की याचिका पर संबंधित पक्षों की



दलीलें सुनने के बाद बुधवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीबीआई ने केजरीवाल की हिरासत की मांग की थी।

अदालत ने फैसले में कहा- सीबीआई के आवेदन को तीन दिन के लिए अनुमति दी जाती है। केजरीवाल को बुधवार को तिहाड़ जेल से कड़ी सुरक्षा में अदालत में पेश किया गया। इसके बाद सीबीआई ने उन्हें गिरफ्तार करने की अर्जी दी। इसे अदालत ने मंजूर कर लिया। केजरीवाल ने अदालत के समक्ष दावा किया कि वह इस मामले में निर्दोष हैं।

सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने अदालत से कहा कि सीबीआई सूत्रों के हवाले से मीडिया में दिखाया जा रहा है कि मैंने पूरा दोष मनीष सिसोदिया पर डाल दिया है। मैंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है कि सिसोदिया दोषी हैं या कोई और दोषी है। मैंने कहा है कि सिसोदिया और आम आदमी पार्टी के साथ मैं भी निर्दोष हूं। केजरीवाल ने यह भी आरोप लगाया कि सीबीआई इस मामले को सनसनीखेज बना रही है।

इस पर अदालत ने कहा कि मीडिया किसी सुर्खी को प्रमुखता देती है। उसको इस मामले में नियंत्रित करना बहुत ही मुश्किल है। वहीं सीबीआई ने केजरीवाल की हिरासत मांग वाली अर्जी में कहा कि मामले में साजिश का पता लगाने के लिए अरविंद केजरीवाल से पूछताछ जरूरी है। इस मामले में केजरीवाल का सबूतों और मामले के अन्य आरोपियों से आमना-सामना कराए जाने की जरूरत है।

### सैम पित्रोदा को कांग्रेस में फिर मिली बड़ी जिम्मेदारी

सैम पित्रोदा को कांग्रेस में एक बार फिर से अहम जिम्मेदारी दी गई है। पित्रोदा को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस का चेयरमैन बनाया गया है। लोकसभा चुनाव के समय विवादित बयानों के बाद सैम पित्रोदा ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन बुधवार को उन्हें दोबारा इसी पद पर नियुक्त किया गया है। पित्रोदा ने इस साल मई में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, क्योंकि भारतीयों की शक्ल-सूरत को लेकर उनकी टिप्पणी विवादों में घिर गई थी।

**संक्षेप...**

### पत्थर से कुचला सिर पति की हत्या

**खोपोली.** खोपोली शहर के पटेलनगर इलाके में एक महिला ने अपने पति की बेरहमी से हत्या कर दी। मारे गए शख्स का नाम अरशद अली (34) है। जानकारी के मुताबिक, अरशद और उसकी पत्नी मोमिना (32) के बीच पिछले कुछ दिनों से पारिवारिक विवाद चल रहा था। पत्नी को शक था कि अरशद का किसी महिला से विवाहेतर संबंध है। पति के अनैतिक संबंध को लेकर दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था। रविवार को जब अरशद सो रहा था तो पत्नी ने पत्थर से उसकी हत्या कर दी।

**शरद पवार की पार्टी ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र**

# मिलते-जुलते चुनाव चिन्हों को हटाने का अनुरोध

- एक जैसे चुनाव चिन्हों की वजह से हुआ नुकसान






**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिख कर एनसीपी (एसपी) के चुनाव चिन्ह से मिलते-जुलते चुनाव चिन्हों को हटाने का अनुरोध किया है। एनसीपी (एसपी) ने आयोग से अनुरोध किया है कि पिछले साल उन्हें जो 'तुतारी' चिन्ह आवंटित किया गया था, वह 'पिपानी/तुरही'से मिलता है। उसे चुनाव चिह्नों से बाहर कर दिया जाए। एनसीपी (एसपी) का दावा है कि यह चुनाव चिन्ह उनकी पार्टी के चुनाव चिन्हों से भ्रामक रूप से मिलते-जुलते हैं। शरदचंद्र पवार की पार्टी ने तर्क दिया कि निर्दलीय उम्मीदवारों को ₹तुरहा/तुतारी₹ जैसे चुनाव चिन्ह आवंटित करने से एनसीपी (एसपी) को काफी नुकसान हुआ है और यह समान अवसर बनाने के सिद्धांत के खिलाफ है।

बता दें कि एनसीपी में बंटवारे के बाद चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों से पहले एनसीपी (सपा) को 'तुतारी' प्रतीक दिया था। अपनी याचिका में एनसीपी (एसपी) ने चुनाव आयोग से अनुरोध किया कि वह इस साल अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले इन भ्रामक चुनाव चिन्हों को तुरंत वापस ले लें या हटवा दें।

**एनसीपी (एसपी) प्रत्याशी को निर्दलीय ने हराया**

पार्टी ने निर्दलीय उम्मीदवार संजय गाडे का उदाहरण दिया, जिन्होंने सतारा सीट से तुरही प्रतीक पर चुनाव लड़ा और 37062 वोट हासिल किए, जिसके कारण एनसीपी (एसपी) के उम्मीदवार शशिकांत शिंदे 32771 वोटों के मामूली अंतर से हार गए। शिंदे को 538363 वोट मिले, जबकि विजयी उम्मीदवार भाजपा के उदयनराजे भोसले को 571134 वोट मिले।

# पूर्व कांग्रेसी नगरसेवक के खिलाफ मामला दर्ज

- आय से अधिक का मामला
- परिवार के 4 सदस्यों के खिलाफ भी केस दर्ज.
- ठाणे एसीबी की कार्रवाई



उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका कांग्रेस पार्टी के पूर्व नगरसेवक सिद्धेश्वर कामूर्ति सहित परिवार के 4 सदस्यों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति रखने व संपत्ति की हेराफेरी के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की शिकायत पर शहर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है. सिद्धेश्वर कामूर्ति के पुत्र श्रीकांत कामूर्ति कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एक स्वतंत्र उम्मीदवार है. पुलिस ने इस मामले में उन्हें भी आरोपी बनाया है. पुलिस के मुताबिक, कामूर्ति परिवार आय से अधिक लगभग 29 % संपत्ति कुल 2 करोड़ 14 लाख की संपत्ति अवैध तरीके से जमा की है. मनपा पूर्व नगरसेवक पर दाखिल उक्त मामले से शहर में हड़कंप मचा हुआ है.

पुलिस के मुताबिक, सिद्धेश्वर कामूर्ति को ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने एक अनधिकृत निर्माण मामले में 50 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था.उक्त अपराध की जांच करते समय 1985 से 2021 के दौरान सिद्धेश्वर कामूर्ति और उनकी पत्नी कावेरी सिद्धेश्वर कामूर्ति, बेटे श्रीकांत सिद्धेश्वर कामूर्ति, संकेत कामूर्ति और निशिकांत कामूर्ति की कुल आर्थिक आय संपत्ति और खर्च राशि आय से 29 प्रतिशत अधिक प्रकाश में आई है.ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के पुलिस निरीक्षक स्वप्निल जुईकर की शिकायत पर भिवंडी शहर पुलिस ने भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है. आगे की जांच पुलिस उप अधिक्षक विलास जाधव कर रहे हैं.

मनपा पूर्व नगरसेवक सिद्धेश्वर कामूर्ति ने आय से अधिक संपत्ति मामले को राजनैतिक साजिश करार दिया है.उनका कहना है कि,वे कई वर्षों मनपा नगरसेवक रहे हैं.कारोबार से पैसा कमाया है. अर्जित संपत्ति पर टैक्स भुगतान करते हैं.उनके विरोधी राजनैतिक खड्यंत्र के तहत उन्हें फंसाना चाहते हैं.जांच में सच्चाई का खुलासा होगा.

# फ्रेंडशिप रन में दौड़ेंगे 10 हजार डोंबिवलीकर -मंत्री रविंद्र चव्हाण




- 4 अगस्त को होगा आयोजन

**कल्याण.** डोंबिवली के लीजेंड होटल में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए राज्य के लोकनिर्माण मंत्री रविंद्र चव्हाण ने कहा कि 4 अगस्त 2024 को डोंबिवलीकर फ्रेंडशिप रन 2024 का आयोजन किया गया है, जिसमें दस हजार डोंबिवली निवासी दौड़ लगाएंगे। इस प्रतियोगिता को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है। पहली दौड़ 21 किलोमीटर, दूसरी 10 किलोमीटर, तीसरी 5 किलोमीटर और बच्चों के लिए 1.6 किलोमीटर की फन रन रखी गई है। चव्हाण ने कहा कि चलना, दौड़ना या भागना स्वास्थ्य के लिए सबसे बेहतर चीज है। आज की इस भाग-दौड़ भरी जिंदगी में लोगों को समय नहीं मिल पाता है, जिसके कारण लोग स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते है। यह मेडिकल साइंस भी कहता है कि कसरत-व्यायाम हमारे शरीर के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसी मूलमंत्र को ध्यान में रखकर कल्याण-डोंबिवली रनर ग्रुप के सहयोग से डोंबिवली में फ्रेंडशिप रन 2024 का आयोजन किया गया है। संस्था के सदस्यों ने बताया कि दौड़ में प्रोफेशनल धावक हिस्सा लेंगे। वहीं इस दौड़ में भाग लेने वाले स्पर्धकों को संगठन की ओर से हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कल्याण-डोंबिवली रनर ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि स्पर्धा में विजेताओं को मेडल और ई-प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# इंटरनेशनल सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

- थाईलैंड की 3 लड़कियां धराई
- एजेंट गिरफ्तार



**ठाणे.** ठाणे में इंटरनेशनल सेक्स रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। ठाणे क्राइम ब्रांच और ठाणे एंटी एक्सटॉर्शन सेल ने इंटरनेशनल वेश्यावृत्ति गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए थाईलैंड से तीन लड़कियों को बचाया है। वहीं, विदेशी महिलाओं से वेश्यावृत्ति के आरोप में थाईलैंड की महिला को गिरफ्तार किया गया है।

ठाणे क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ठाणे शहर में 21 जून कि रात में एक होटल में छापेमारी की गई और वहां से थाईलैंड की तीन लड़कियों को छुड़ाया गया। बाद में उन्हें मुंबई के बोरीवली के पोइसर स्थित 'रेस्क्यू फाउंडेशन' भेजा गया। जबकि गिरफ्तार की गई महिला एजेंट के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

**पुलिस को फर्जी पासपोर्ट मिला**

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि देह व्यापार से जुड़े इस मामले की जांच के दौरान पुलिस को फर्जी पासपोर्ट, आधार कार्ड और पैन कार्ड मिले है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। ठाणे क्राइम ब्रांच के डीसीपी शिवराज पाटिल ने बुधवार को बताया कि ठाणे क्राइम ब्रांच और ठाणे एंटी एक्सटॉर्शन सेल ने अंतरराष्ट्रीय सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने ट्रैप लगाकर थाईलैंड की तीन लड़कियों को रेस्क्यू किया है और उन्हें सुधार गृह भेजा है। छापेमारी में एक महिला एजेंट को गिरफ्तार किया गया है।

**फेक डॉक्यूमेंट मामले की जांच शुरू**

अधिकारी ने बताया कि जिस विदेशी महिला एजेंट को गिरफ्तार किया गया है वह इस रैकेट को चलाती थी। इस गिरोह में और भी एजेंट के शामिल होने की संभावना है। फेक डॉक्यूमेंट बनाने के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के ठिकाने से फर्जी पैन और आधार कार्ड मिले है। हम इस बात की भी जांच कर रहे है कि फेक डॉक्यूमेंट तैयार कर किसे-किसे दिया गया है।

# अर्नाला में मृत पाई गई 25 फुट की व्हेल



**वसई.** विरार के पास अर्नाला किले के समुद्र तट पर एक व्हेल मृत पाई गई है. यह व्हेल करीब 25 फीट लंबी है। अर्नाला किला विरार के पश्चिमी भाग में समुद्र में स्थित है। अरनाला किले के निवासियों ने बताया कि हनुमंत दक्षिण में टावर के नीचे मिला था.

हाई टाइड के समय यह मछली समुद्र तट पर आ गई है और इसे देखने के लिए आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ रही है. पिछले दो दिनों से यह मछली मरी होने के कारण इसकी दुर्गंध आसपास के इलाके में फैलने लगी है. यहां के नागरिकों की मांग है कि इस मछली को इस इलाके से हटाकर इसका निस्तारण किया जाए.

# उल्हासनगर में पेड़ गिरने से बिजली खंडित

- उल्हासनगर-3 अमन टॉकीज की घटना
- सात घंटे तक बिजली आपूर्ति रही ठप्प
- 2 घंटे लगे पेड़ हटाने में



उल्हासनगर-3 स्थित अमन टॉकीज के बाहर शाम को एक बड़ा पेड़ गिर गया और दो बिजली के खंभे भी क्षतिग्रस्त हो गए, सौभाग्य से यहां कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड, मनरा वार्ड अधिकारी, कर्मचारी और महावितरण कर्मचारी पहुंचे। फायर ब्रिगेड ने मोर्चा संभालते हुए इस पेड़ को 2 घंटे में हटाया। महावितरण का कहना है कि पेड़ गिरने से बिजली के खंभों को हुए नुकसान के कारण स्थानीय क्षेत्र में अगले छह से सात घंटों तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

# घाटकोपर होर्डिंग हादसा : IPS कैसर खालिद सस्पेंड





**मुंबई.** मुंबई के घाटकोपर होर्डिंग हादसे को लेकर बड़ा एक्शन हुआ है. इस केस में IPS कैसर खालिद को सस्पेंड कर दिया गया है. खालिद रेलवे सीपी थे और उन्होंने वहां होर्डिंग लगाने की अनुमति दी थी. महाराष्ट्र सरकार ने IPS मोहम्मद कैसर खालिद के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का फैसला किया है. उन्होंने डीजीपी कार्यालय की मंजूरी के बिना अपने आप होर्डिंग को मंजूरी दी थी. इसमें प्रशासनिक चूक और अनियमितताएं पाई गई हैं. महाराष्ट्र के डीजी की रिपोर्ट के मुताबिक खालिद ने अनुमोदित मानदंडों को नजरअंदाज कर 120 x140 वर्ग फीट के बड़े होर्डिंग लगाने की अनुमति दी, उन्होंने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया.

महाराष्ट्र सरकार ने आदेश जारी करते हुए कहा कि आईपीएस मो. कैसर खालिद को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित किया जाता है. जिस अवधि तक यह आदेश लागू रहेगा, मोहम्मद कैसर खालिद को देय निर्वाह भत्ता, महंगाई भत्ता और अन्य भत्ते दिए जाएंगे, बशर्ते कि वे यह प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि वे किसी अन्य रोजगार, पेशे या व्यवसाय नहीं कर रहे हैं. सरकारी आदेश में कहा गया है कि जिस अवधि तक यह आदेश लागू रहेगा, उस दौरान मोहम्मद कैसर खालिद का हेडक्वार्टर मुंबई पुलिस महानिदेशक का ऑफिस होगा. वे मुंबई पुलिस महानिदेशक की अनुमति बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे. निलंबन के दौरान खालिद को कोई निजी नौकरी स्वीकार करने अथवा किसी अन्य व्यापार अथवा व्यवसाय करने की अनुमति नहीं होगी. इस शर्त का उल्लंघन कदाचार माना जाएगा, जिसके तहत उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी. पुलिस के मुताबिक 13 मई को तेज हवा और बेमौसम बारिश के दौरान मुंबई के घाटकोपर इलाके में एक बड़ा होर्डिंग गिर गया, जिसमें 17 लोगों की मौत हो गई थी.

# सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर बड़ी कार्रवाई

- क्विंटल से अधिक प्लास्टिक जब्त



**ठाणे.** ठाणे मनपा घनकचरा विभाग ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाया है इसके बावजूद भी शहर में धड़ल्ले से दुकानदार यूज कर रहे हैं।मनपा के इस मुहिम में 102 किलों सिंगल यूज प्लास्टिक को जप्त कर 38 हजार 450 रुपये का दंड वसूल किया।यह कार्रवाई घनकचरा उपायुक्त तुषार पवार के मार्गदर्शन में किया गया।

मनपा के कई प्रभाग समिति में हुई छापेमारी कलवा प्रभाग समिती में 9 किलो प्लॅस्टिक जप्त कर 9हजार का दंड, मुंब्रा प्रभाग समिती में 14 किलो प्लॅस्टिक जप्त कर 1 हजार 500 रुपये दंड, दिवा प्रभाग समिती में 10 किलो प्लॅस्टिक जप्त कर 3 हजार 500 रु दंड, उथलसर प्रभाग समिती में 9 किलो प्लॅस्टिक जप्त कर 1 हजार दंड, नौपाडा कोपरी प्रभाग समिती में 14 किलो प्लॅस्टिक जप्त कर 7 हजार दंड, वर्तकनगर प्रभाग समिती में 10 किलो प्लॅस्टिक जप्त कर 1 हजार दंड, लोकमान्य सावरकर प्रभागसमिती में 9 किलो प्लॅस्टिक जप्त कर 5 हजार 700 दंड, वागले प्रभाग समिती में 13 किलो प्लॅस्टिक जप्त कर 7 हजार 250 दंड, माजिवाडा मानपाडा प्रभाग समिती में 14 किलो प्लॅस्टिक जप्त कर 2 हजार 500 दंड वसूल किया गया।

मनपा के 9 प्रभाग समिति में कुल 38 हजार 450 रुपये की वसूली की गई।सिंगलयूज प्लास्टिक पर कार्रवाई लगातार चलेगा इसलिए नागरिकों से मनपा ने आवाहन किया है कि इस तरह के प्लास्टिक का उपयोग नहीं करे।

# अमिताभ ने 60 करोड़ में खरीदे 3 ऑफिस स्पेस



- अंधेरी की वीएस सिग्नेचर बिल्डिंग में किया इन्वेस्ट
- अगस्त 2023 में यहीं खरीदे थे चार ऑफिस यूनिट

सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने मुंबई में 60 करोड़ में 3 ऑफिस यूनिट खरीदे हैं। एक्टर ने यह प्रॉपर्टी मुंबई के अंधेरी में वीरा देसाई रोड पर मौजूद वीर सावरकर सिग्नेचर बिल्डिंग में खरीदी है।

**3.57 करोड़ रुपए की स्टाम्प ड्यूटी चुकाई**

डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक 8,429 स्क्वायर फीट के कुल एरिया में मौजूद इन तीनों ऑफिस यूनिट्स के लिए सुपरस्टार ने 59.58 करोड़ रुपए का भुगतान कियाा है।

इस कमर्शियल प्रॉपर्टी के लिए अमिताभ ने 3.57 करोड़ रुपए की स्टाम्प ड्यूटी भी पे की है। एक्टर को इन तीनों ऑफिस यूनिट्स के साथ तीन कार पार्किंग एरिया भी मिले हैं। हालांकि, अभी तक इस खबर पर अमिताभ की तरफ से कोई रिस्पॉन्स नहीं आया है।

**इसी बिल्डिंग में पहले से ही 4 ऑफिस यूनिट के मालिक**

यह पहली बार नहीं है जब अमिताभ ने इस बिल्डिंग में इन्वेस्ट किया हो। यहां वो इससे पहले भी अगस्त 2023 में चार ऑफिस स्पेस खरीद चुके हैं।

अब नए खरीदे इन तीन कमर्शियल यूनिट्स को मिलाकर अमिताभ बच्चन के पास सिग्नेचर बिल्डिंग में कुल सात ऑफिस यूनिट हो गए हैं।




**त्रिलोकी मिश्रा को लायन ऑफ द ईयरमुंबई।लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3231A2, मुंबई के वार्षिक पुरस्कार समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राजेश बल्लमवार ने वर्ष 2023-2024 के लिए डॉक्टर त्रिलोकी मिश्रा को 'लायन ऑफ़ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया.**

## यात्रियों ने पीछा कर पाकेटमार को पकड़ा

**मुंबई.** कुर्ला स्टेशन पर भीड़भाड़ वाले समय में लोकल ट्रेन में चढ़ने की तैयारी कर रहे एक यात्री का बटुआ चुराने की कोशिश कर रहे एक चोर को यात्रियों ने पीछा करके पकड़ लिया। इस मामले में कुर्ला लोहमार्ग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. कर्जत निवासी राशिद खान (35) सोमवार शाम करीब 5 बजे लोकल से कर्जत जाने के लिए कुर्ला रेलवे स्टेशन आए। इसी दौरान चोर ने उनका बटुआ चुरा लिया. जैसे ही राशिद की नजर इस पर पड़ी तो वह तुरंत चिल्लाया. तो चोर वहां से भाग गया. लेकिन राशिद और उसका दोस्त परिसर से बाहर कूद गए और चोर का पीछा किया। कुछ दूरी पर उन्होंने चोर को पकड़ लिया.

## आम सूचना

मैं श्रीमती रिंकी गणेश पुर्वे सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, अंबे स्टील वर्क्स के पास, शांतिनगर, उल्हासनगर-3.(टैक्स नं. 30सीआय005408900) उक्त प्रॉपर्टी श्री अनिल गोविंद घोटे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 25.4.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती रिंकी गणेश पुर्वे**

## आम सूचना

हम श्री निरंजन भास्कर साहू व श्रीमती रश्मीता निरंजन साहु सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम नं. 4, ब्लॉक नं. ए-572, सेक्शन 25, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 48सीआय019450000) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजू चेतनदास रामरख्यानी व श्रीमती सरिता राजू रामरख्यानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 19.6.2024 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री निरंजन भास्कर साहू व श्रीमती रश्मीता निरंजन साहु**

## आम सूचना

मैं श्री मोहित ताराचंद छतानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि शेड नं. 2, सिंधु यूथ सर्कल के पास, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 39सीओ006233200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती ममता सतेंद्र सैनी, श्री पुखराज रघुवीर सैनी, श्री अरविंद कुमार सैनी, श्री जानी सैनी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 25.6.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मोहित ताराचंद छतानी**

## आम सूचना

मैं श्रीमती शामाकौर हरजीतसिंह आयलसिंघानी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. जी-2, ग्राऊंड फ्लोर, ए-विंग, शिव लोक अपार्टमेंट, बैरक नं. 855 के पास, सेक्शन 19, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 32सीओ007394600) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती आरती कौर व श्रीमती पूजा राजेंद्रसिंह आहुजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 8.6.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती शामाकौर हरजीतसिंह आयलसिंघानी**

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099